# आवारा पशुओं का आतंक, सड़क हादसों का बढ़ा खतरा

**नवभारत न्यूज**

**कोलारस 7 जुलाई।** नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या अब आमजन के लिए सिरदर्द बन चुकी है। गायत्री मंदिर, जगतपुर रोड, रेलवे स्टेशन रोड, सदर बाजार और मानीपुरा जैसे इलाकों

## स्थानीयों में रोष, बोले : व्यवस्था नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

में दिनभर आवारा सांडों का जमघट लगा रहता है। इन सांडों के हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं, वहीं आए दिन सड़क दुर्घटनाएं और वाहन क्षति की घटनाएं सामने आ रही हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगरपालिका प्रशासन सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है। कुछ पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा भी गया, लेकिन वे कुछ दिनों में फिर सड़कों पर नजर आने लगते हैं। इससे स्थिति जस की तस बनी हुई है।



नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि प्रशासन हादसों का इंतजार कर रहा है, जबकि स्थिति पहले ही गंभीर हो चुकी है।

**इनका कहना है ...**



आपके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर शीघ्र ही आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाएगा।

**रमेश भार्गव, सीएमओ नप कोलारस**

# 9 जुलाई बुधवार को गायत्री पार्क में लगेगा निशुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 7 जुलाई।** तथागत फाउंडेशन एंव गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान मे न्यू ब्लॉक विद्या मंदिर स्कूल के पास स्थित गायत्री परिवार एक्यूप्रेशर हेल्थ पार्क में बुधवार 9जुलाई को शाम 4 से 6 बजे तक निशुल्क कैंसर निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में महिलाओं हेतु स्तन और गर्भाशय के कैंसर का निशुल्क परीक्षण एवं निदान किया जावेगा। उक्त आयोजन तथागत फाउंडेशन शिवपुरी एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया जावेगा। उक्त शिविर प्रति महीने दूसरे और चौथे बुधवार को आयोजित किया जाता है। इस शिविर में गर्भाशय और ब्रेस्ट कैंसर का परीक्षण महिला चिकित्सकों के द्वारा किया जावेगा तथा जांच आदि भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इस शिविर में यूट्रस कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की जांच और परीक्षण

## गायत्री परिवार एक्यूप्रेशर हेल्थ पार्क में 4 से 6 बजे तक लगेगा शिविर

महिला चिकित्सक के द्वारा किया जावेगा। डॉ पी के खरे ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट और यूट्रस कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ भ्रान्ति का निराकरण और समुचित इलाज करना है इस शिविर मै एफ एन ए सी, पैप्सीमैयर, पंच वायोप्सी,इन प्रिंट सैटालाजी जैसी जांचें निशुल्क की जायेंगे। डॉ खरे ने बताया कि मुख का पूरा ना खुलना,मुंह की झिल्ली का असामान्य हो जाना,मुंह में दवाओं से ठीक न होने वाले छालों के रोगी,शरीर पर कहीं भी उभरती गांठ या गांठों,न भरने वाले घावों, किसी भी भाग से असामान्य रक्तस्राव,आवाज में बदलाव आदि लक्षण वाले भी जांच करवा सकते हैं। तथागत फाउंडेशन की सचिव श्रीमती पुष्पा खरे ,श्वेता, आकांक्षा गौड, प्रीति जैन ,नम्रता गौतम सहित तथागत फाउंडेशन की सभी महिला सदस्यों ने शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# विधायक के बयान पर भड़कीं नप अध्यक्ष, राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 7 जुलाई।** पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह एक बार फिर अपने विवादित बयानों को लेकर घिरे नजर आ रहे हैं। इस बार उन्होंने बैराड़ नगर परिषद की महिला अध्यक्ष मालती लक्ष्मण सिंह रावत पर अमर्यादित टिप्पणी कर नया विवाद खड़ा कर दिया है।



विधायक कुशवाह ने सार्वजनिक रूप से कहा, सीएमओ आने के बाद नगर की हालत और बदतर हो गई है। अध्यक्ष का क्या है, उसे तो दारू पीने से मतलब है, जनता मरे या कुछ भी हो। उनके इस बयान को लेकर नगर की राजनीति में हलचल मच गई है। यह पहला मौका नहीं है जब विधायक ने महिला जनप्रतिनिधि को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की हो। इससे पहले भी वे पोहरी की नगर परिषद अध्यक्ष को मंच से अपमानजनक भाषा में संबोधित कर चुके हैं और कहा था कि वो पोहरी छोड़कर भागने वाली है। इसके अलावा विधायक ने प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भी कटघरे में खड़ा करते हुए उन्हें 'झूठा' कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि, विजयवर्गीय ने मुझसे वादा किया था। मैंने व्यक्तिगत लेटर भी दिखाया, लेकिन कुछ भी पूरा नहीं किया। नगर प्रशासन मंत्री सबसे झूठे निकले।

विधायक के इस बयान के विरोध में बैराड़ नगर परिषद की अध्यक्ष मालती रावत सड़क पर उतर आईं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कैलाश कुशवाह मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन के बाद अध्यक्ष रावत ने तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और विधायक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए बैराड़ थाने में आवेदन भी दिया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। महिला जनप्रतिनिधियों के सम्मान और मर्यादित भाषा के सवाल पर विभिन्न संगठनों ने भी प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है।

# संगोष्ठी एवं पौधारोपण कर मनाई गई डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 7 जुलाई।** मप्र जन अभियान परिषद एवं मेरा युवा भारत (माई भारत) के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड शिवपुरी के सतनवाड़ा सेक्टर अंतर्गत खेरे वाले हनुमान मंदिर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री प्रहलाद भारती, माई भारत के उप निदेशक विनोद चतुर्वेदी, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक डॉ. रीना शर्मा, विकासखंड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन, माई भारत के विजयवर्गीय, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कांकर के अध्यक्ष चंदन सिंह धाकड़ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रहलाद भारती ने कहा कि आज हमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। साथ ही यह भी बताया कि आज पर्यावरणविद एवं जन अभियान परिषद के संस्थापक उपाध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल दवे की भी जयंती है, उनके स्मृति में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए।

माई भारत के उपनिदेशक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि माई भारत, जो पूर्व में नेहरू युवा केंद्र था, समाज के उत्थान हेतु युवाओं को दिशा देने का कार्य कर रहा है। जिला समन्वयक डॉ. रीना शर्मा ने जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों के माध्यम से सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिसर में स्थित वाटिका में सभी उपस्थितजनों ने पौधारोपण किया। संचालन चंदन सिंह धाकड़ ने किया। कार्यक्रम में नरोत्तम रावत, अवतार गुर्जर, जसपाल सिंह बैश, मुरारीलाल धाकड़, शिवकुमार धाकड़, मंगल सिंह धाकड़, सीताराम बघेल, प्रकाश गुर्जर, जयप्रकाश शर्मा, कांकर सरपंच शिशुपाल धाकड़, महेशपुर सरपंच रामप्रसाद धाकड़, तोरन पाल, लक्ष्मण गुर्जर, रमेश सेन, कैलाश धाकड़, जसमंत धाकड़, रामनिवास धाकड़, इंदल गुर्जर, पिंटू मोंगिया, गोविंद गुर्जर, शिवसिंह धाकड़, धनीराम, दयाकिशन धाकड़ सहित प्रस्फुटन समिति एवं मंडल के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर ओमप्रकाश सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पोहरी में दो पालियों में हुआ बीएलओ का प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 7 जुलाई।** भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन कार्यालय मध्य प्रदेश के आदेशानुसार बीएलओ के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सोमवार को अनुविभागीय एवं निवाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोतीलाल अहिरवार के निर्देशन में यह प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया जो नो जुलाई तक चलेगा।



एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने कि विधान सभा क्षेत्र 24 पोहरी मे 303 बीएलओ का दक्षता विकास प्रशिक्षण दो पालियों मे शासकीय लक्ष्मी सरस्वती गोपाल कृष्ण महाविद्यालय पोहरी मे प्रारम्भ हुआ। जिसमे प्रथम पाली प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक मतदान केंद्र क्रमांक 1 से 50 तक एवं द्वितीय पाली मे 2 बजे से 4 बजे तक मतदान केंद्र क्रमांक 51से 100 तक के बीएलओ को राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर एवं भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बीएलओ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमे फॉर्म नंबर 6,7,8 एवं निर्वाचन सम्बन्धी बारीकियों के बारे मे स्क्रीन पर पीपीटी के माध्यम से दिखाया और समझाया गया। 8 जुलाई को मतदान केंद्र क्रमांक 101से 200 तक एवं 9 जुलाई को 201 से 303 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

प्रशिक्षण मे एसडीएम मोतीलाल अहिरवार पोहरी, निशा भारद्वाज तहसीलदार पोहरी, गिरीश गुप्ता, नंदकिशोर नामदेव, विशाल बाथम, राजेंद्र गोयल, मास्टर ट्रेनर, मिट्ठूलाल साहू बीएलओ एवं निर्वाचन शाखा से नीरज सिकरवार,अमर सिंह कुशवाह, गौतम वर्मा, श्रीवल्लभ जाटव, संतोष कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

# मोहर्रम पर इमाम हुसैन की याद में निकाले गए ताजिए

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के नरवर में मोहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की याद में ताजियों का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से लोग शामिल हुए। ताजिया जुलूस

## शिवपुरी के नरवर में निकला जुलूस, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नरवर कस्बे के विभिन्न इलाके से निकाला गया। क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर इसमें भागीदारी की। जुलूस के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। नरवर थाना प्रभारी विनय यादव ने सुरक्षा व्यवस्था का नेतृत्व किया।



यह परंपरा वर्षों पुरानी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद हर साल श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। नरवर कस्बे में अनेक जगहों पर ताजिये रखे गए। आयोजन की शांति और मर्यादा बनाए रखने में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। युवा कमेटी के ताजिए पर कोंच से आए कृष्णा पटेल बैंड के सभी कलाकारों का भी बहुत योगदान रहा उन्होंने अपनी अच्छी कव्वालियों के साथ शानदार प्रस्तुति थी।

सभी ताजिए 4.00 बजे अपने मुकाम से बैंड के मातिमे धुनों के साथ करबला के लिए निकले और रात 11.00 मगरोनी के पुल पर करबला पहुंचे इसमें युवा कमेटी के सभी लोगों का अच्छा साथ रहा आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए एवं शांति सौहार्द के साथ अपने इस जुलूस को समाप्त किया फर्स्ट प्राइज का दर्जा इमामबाड़ा युवा कमेटी ताजिया रहा इसमें शिवपुरी के कलाकारों ने अपनी अच्छी कला को प्रस्तुत किया।

# हाथ मे कट्टा लिये डांस करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**पिछोर 7 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा चलाये जा रहे अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत दिनांक 06/07/25 को सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो जिसमें कि युवाओ की पार्टी में एक युवा देशी कट्टे के साथ डांस करता हुआ दिख रहा था ।




वीडियो कि तदस्दीक हेतु थाना प्रभारी पिछोर द्वारा टीम गठित की गई तस्दीक करने पर वीडियों में हथियार के साथ डांस करने वाला युवी सनी राजपूत निवासी ग्राम पारेश्वर का होना पाया गया जिसकी तलाश करने पर आज दिनांक 07/07/2025 को मुखबिर की सूचना पर से सनी पुत्र रामनिवास उर्फ रामदास लोधी उम्र 23 साल निवासी ग्राम पारेश्वर थाना पिछोर जिला शिवपुरी को मय एक 315 बोर के देशी कट्टे व एक जिण्दा राउण्ड के साथ गिरफ्तार कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर अवैध हथियार को जप्त किया बाद आरोपी के खिलाफ थाने पर अप क्रमांक 384/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को जे आर पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**सराहनीय भूमिका** - थाना प्रभारी निरी. जितेन्द्र सिंह मावई, उनि संजय लोधी, सउनि जितेन्द्र सिंह यादव, आर 130 अंकित सिंह, सैनिकि राहुल भार्गव, सैनिक सिरनाम लोधी की सराहनीय भूमिका रही।

# एसडीएम ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत किए पौधरोपण, आमजनों से पेड़ लगाने की अपील की

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 7 जुलाई।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पोहरी एसडीएम मोतीलाल अहिरवार एवं श्रुति राठोर रेंजर के साथ सोमवार को ग्राम उमरई पहुंचे, जहाँ वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किए। एसडीएम अहिरवार ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों में अधिक से अधिक जागरूकता लाई जाए। पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का दायित्व भी स्वयं निभाना चाहिए। पौधारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर है। आमजन को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए तथा अपने आस-पास के पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए।




व्रक्षारोपण कार्यक्रम में एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, रेंजर श्रुति राठौर, डिप्टी रेंजर नवल शर्मा सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने हरियाली महोत्सव के अंतर्गत किया पौधारोपण

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 7 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन में शिवपुरी जिले में हरियाली महोत्सव के तहत 1 से 7 जुलाई तक पौधारोपण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज 07 जुलाई को थाना परिसर पिछोर में एसडीओपी प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी पिछोर जीतेंद्र मावई सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाली बढ़ाना एवं पर्यावरण संतुलन बनाए



रखना है। एसडीओपी ने इस मौके पर सभी पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिल सके।



# अमोला पुलिस ने 4 साल से फरार एक स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी।** अमोला थाना पुलिस ने 4 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अमोला थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता के अनुसार, आज पुलिस द्वारा इलाका गश्त के दौरान स्थाई वारंटी बल्लू पुत्र राजाराम ठाकुर उम्र 42 साल नि. ग्राम दिदावली थाना अमोला को घसारई रोड से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमोला उनि अंशुल गुप्ता, सउनि हरदयाल जोशी, प्रआर. राकेश सिंह सेंगर, आर. मनोज कुमार, नीतेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शिवहरे ने जन्मदिन पर पौधारोपण एवं रिटायर्ड पेंशनरों को सम्मानित कर मनाया

**कोलारस।** कोलारस नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने अपने जन्मदिन पर सोमवार को पौधारोपण किया एवं रिटायर पेंशनरों का सम्मान किया गया। इसमें तरह-तरह के पौधे लगाए और उनकी देखभाल का जिम्मा भी लिया गया उन्होंने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है और मैं पौधारोपण कर अपना जन्मदिन मना रहा हूं आप सब भी पौधारोपण करें और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लें इसके बाद रिटायर पेंशनरों का सम्मान भी उनके द्वारा किया गया नगर परिषद द्वारा बनाए गए वाचनालय भवन पर रिटायर पेंशनर अधिकारियों व कर्मचारियों का सम्मान समारोह रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे शामिल हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रांतीय सचिव बी.के गोयल ने की। मंच का संचालन राजकुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष के द्वारा समस्त रिटायर अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।



# स्थाई वारंटी सुनील शर्मा गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

**शिवपुरी।** थाना बैराड़ पुलिस ने स्थाई वारंटी सुनील शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पोहरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में स्थाई और फरार वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। दिनांक 07.07.2025 को थाना प्रभारी बैराड़ निरीक्षक रविशंकर कौशल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए स्थाई वारंटी सुनील शर्मा पुत्र विधाधर शर्मा, निवासी गायत्री कॉलोनी, शिवपुरी को गिरफ्तार किया। इस सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक रविशंकर कौशल, प्रआर. 561 महावीर गोस्वामी, आर. 1101 चेतन राठौर एवं आर. 660 लोकेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।